**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल से सिख समाज के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात

## प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है प्रकाश पर्व- राज्यपाल श्री मिश्र

जयपुर, 29 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि सिख धर्म के दसवें गुरु गोविन्द सिंहजी का प्रकाश पर्व सभी को प्रेम, भाईचारे और नेकी की प्रेरणा देता है। उन्होंने गुरु गोविन्द सिंहजी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल श्री मिश्र से गुरुवार को इस अवसर पर राजभवन में राजस्थान सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह के नेतृत्व में आए प्रतिनधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने इस दौरान प्रतिनिधिमंडल से सिख धर्म के गुरुओं की कुर्बानी और बलिदान के बारे में चर्चा की । उन्होंने कहा कि गुरु गोविन्द सिंहजी ने समाज को अन्याय का प्रतिकार करने के लिए सदैव प्रेरित किया और रूढ़ियो से मुक्त करने के लिए कार्य किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात के दौरान सिख धर्म की गौरवशाली परम्परा के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिख धर्म के पवित्र स्थलों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं । राज्यपाल श्री मिश्र ने सभी को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए दशमेश गुरु की शिक्षाओं का प्रसार करने का आह्वान किया।

इस दौरान राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह सहित जयपुर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

-------